**न्यायालय उपखण्डाधिकारी सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर**
**पीठासीन अधिकारी का नाम :– हवाई सिंह यादव (आर.ए.एस.)**
**प्रकरण संख्या 103/2020**

अंग्रेज सिंह पुत्र मल सिंह जाति रामगढिया निवासी भागसर तहसील सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर राज0।

प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार (राजस्व) सादुलशहर।

अप्रार्थी

**दावा अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट**

उपस्थित विद्वान अधिवक्तागण :–

1 श्री मेजर सिंह अधिवक्ता प्रार्थी
2 राजपैरोकार अप्रार्थी

दिनांक :– 19.1.2021

**निर्णय**

संक्षेप मे तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थी के विरूद्ध प्रार्थनापत्र अंतर्गत धारा 136 एलआरएक्ट के तहत इन अभिकथनों के साथ प्रस्तुत किया कि राजस्व तहसील सादुलशहर की जमाबंदी संवत् 2073–2076 के वाके चक 10 बीजीएस के खाता संख्या 3/3 में कुल 1.265 है आराजी मे से गेजा सिंह पुत्र मल सिंह जाति रामगढिया निवासी अचडकी के नाम से 107/1265 हिस्सा यानि 0.107 है0 आराजी दर्ज राजस्व रिकार्ड पटवार माल है। राजस्व तहसील सादुलशहर की जमाबंदी संवत् 2072–2075 के वाके चक 9 बीजीएस के खाता संख्या 3/3 में कुल 5.060 है0 आराजी में से गेजा सिंह पुत्र मल सिंह जाति रामगढिया निवासी भागसर के नाम से 19/506 हिस्सा यानि 0.190 है0 आराजी दर्ज राजस्व रिकार्ड पटवारं माल है। प्रार्थी का वास्तव में नाम अंग्रेज सिंह पुत्र मल सिंह है। परन्तु चक 10 बीजीएस की जमाबंदी संवत् 2073–2076 के खाता संख्या 3/3 में सहवन से गेजा सिंह पुत्र मल सिह जाति रामगढिया निवासी अचडकी एवं चक 9 बीजीएस की जमाबंदी संवत् 2072–2075 के खाता संख्या 3/3 में सहवन से गेजा सिंह पुत्र मल सिंह जाति रामगढिया निवासी भागसर दर्ज हो गया है जिसे प्रार्थी दुरूस्त करवाकर सही करवाना चाहता है। जिसे दुरूस्त करवाना न्यायोचित व आवश्यक है। प्रार्थी के आयकर विभाग, पहचान पत्र, आधार कार्ड में अंग्रेज सिंह पुत्र मल सिंह जाति रामगढिया निवासी भागसर दर्ज है जबकि चक 10 बीजीएस की जमाबंदी संख्या 2073–2076 के खाता संख्या 3/3 में गेजा सिंह पुत्र मल सिंह जाति रामगढिया निवासी अचडकी एवं चक 9 बीजीएस की जमाबंदी संवत् 2072–2075 के खाता संख्या 3/3 में गेजा सिंह पुत्र मल सिंह जाति रामगढियां निवासी भागसर दर्ज हो गया है जो कि लिपिकीय त्रुटि है जिसे दुरूस्त करवाना आवश्यक है तथा उक्त दस्तावेजो की फोटोप्रति संलग्न प्रार्थना पत्र है। सरपंच ग्राम पंचायत भागसर द्वारा तस्दीक किया गया है कि अंग्रेज सिंह उर्फ गेजा सिंह पुत्र मल सिंह एक ही व्यक्ति है। इसलिये दुरूस्त किया जाना न्यायोचित है। ग्राम पंचायत का

Scanned with CamScanner